E-mail : eejalgraminbanda@gmail.com
Mob. : +91 9473941981

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

गेट न0–2, जल शोधन संयन्त्र परिसर, भूरागढ़, बाँदा, पिनकोड–210001

पत्रांक :– 721 / W-08 / 38 दिनाँक :– 18 / 08 / 2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

विषय :–दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' बॉदा/चित्रकूट ई–संस्करण के दिनॉक 17.08.2026 के समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "पिस्टा गॉव में जल जीवन मिशन से सड़क खराब : ग्रामीण परेशान, मरम्मत न होने से आवागमन बाधित" के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' बॉदा/चित्रकूट ई–संस्करण के दिनॉक 17.08.2026 के समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "पिस्टा गॉव में जल जीवन मिशन से सड़क खराब : ग्रामीण परेशान, मरम्मत न होने से आवागमन बाधित" के क्रम में अवगत कराना है कि जनपद बॉदा में विकासखण्ड बबेरू अन्तर्गत ग्राम पिस्टा पेयजल योजना की अमलीकौर ग्राम समूह पेयजल योजना कार्यो के अन्तर्गत 11.28 कि0मी0 पाइप लाइन, 1700 मीटर सी0सी0 एवं खड़ंजा पुर्नस्थापन एवं 353 नग गृह जल संयोजन का प्रस्तावित कार्य शत्–प्रतिशत पूर्ण कर पेयजलापूर्ति संचालित करायी जा रही है। उक्त शिकायत के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कतिपय कारणों से पाइप लाइन लीकेज/चोकेज की मरम्मत के कारण सी0सी0 रोड़ पुनः काटी गयी थी, जिसके पुर्नस्थापन हेतु ग्राम में टीम लगा दी गयी है, जिसे 05 दिवस में मरम्मत कराना लक्षित है (फोटोग्राफ संलग्न)।

सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक** :– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

Digitally signed by
VIMAL KUMAR VERMA
Date: 18-08-2026
12:45:50

(विमल कुमार वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनॉक उपरोक्तानुसार ।**

**प्रतिलिपि** :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- जिलाधिकारी महोदय, बॉदा।
2- अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), बॉदा।
3- जिला सूचना अधिकारी, बॉदा।
4- सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।
5- मैसर्स एन0सी0सी0 लि0, बॉदा को इस निर्देश के साथ कि 05 दिवस में पाइप लाइन लीकेज/चोकेज के मरम्मत उपरान्त सी0सी0 रोड़ पैच का कार्य पूर्ण कराकर पेयजलापूर्ति सुचारू कराना सुनिश्चित करायें।

अधिशासी अभियन्ता


Pista, Uttar Pradesh, India
Fg2p+gp3, Pista, Uttar Pradesh 210121, India
Lat 25.451633° Long 80.53499°
Tuesday, 18/08/2026 11:00 AM GMT +05:30
Google

# पिस्टा गांव में जल जीवन मिशन से सड़क खराब: ग्रामीण परेशान, मरम्मत न होने से आवागमन बाधित

सुभाष चंद्र शर्मा | पल्हरी(बबेरू), बांदा
4 दिन पहले



बांदा जनपद की बबेरू तहसील के पिस्टा गांव में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कें तोड़ी गई थीं। ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन डालने के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं की गई है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।जल जीवन मिशन पेयजल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान गांव की मुख्य सड़कों को खोदा गया था। कार्य पूरा होने के बावजूद, इन सड़कों को दोबारा नहीं बनाया गया, जिसके कारण अब ये सड़कें दलदल में बदल गई हैं।इस रास्ते से प्रतिदिन वाहन और स्कूली बच्चे गुजरते हैं। खराब सड़कों और दलदल के कारण कई बार वाहन फंस जाते हैं, और बच्चों को स्कूल आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को सूचित किया है। हालांकि, उनकी शिकायत के बावजूद अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है और स्थिति जस की तस बनी हुई है।भैरम पुरवा के ग्रामीणों, जिनमें अमर, जगदीश, पंकज और नीरज शामिल हैं, ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की है ताकि ग्रामीणों को इस परेशानी से निजात मिल सके।